राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा विविध/परीक्षा–2018/ दिनांक:

परीक्षा केन्द्र परिवर्तन संबंधी विज्ञप्ति

कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 16.04.2018 की अनुपालना में सूचित किया जाता है कि कौशल्या देवी महिला महाविद्यालय, बसवा (दौसा) परीक्षा केन्द्र को अनियमितताओं के कारण तुरन्त प्रभाव से निरस्त किया जाता है। इस परीक्षा केन्द्र को आवंटित महाविद्यालयों के नियमित/पूर्व परीक्षार्थी एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की दिनांक 18.04.2018 से आयोजित होने वाली आगामी सभी विषयों की परीक्षाऐं निम्नानुसार परिवर्तित परीक्षा केन्द्र पर आयोजित होंगी:–

क्र. सं.	निरस्त परीक्षा केन्द्र/ कोड नं.	आवंटित महाविद्यालय का नाम/ कोड नं.	परिवर्तित परीक्षा केन्द्र/कोड नं.
1-	337- Kausalya Devi Mahila Mahavidhyalya,Baswa (Dausa)	810- Bal Hans Mahila Mahavidyalaya, Biwai, Dausa	336- Saini Adarsh College, Bandikui (Dausa)
		1079- Jai Daant Mata Mahavidyalaya, VPO-Gudha Katla, Teh- Baswa, Dist- Dausa	
		B.A. Part-I, II & III (Non-Collegiate)	

नोट:– दिनांक 18.04.2018 से होने वाली आगामी सभी विषयों की परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थी निर्धारित तिथि व समय पर उपरोक्तानुसार परिवर्तित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा हेतु उपस्थित हों। पूर्व में जारी परीक्षा प्रवेश पत्र मान्य होंगे।

16/4/18

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा विविध/परीक्षा–2018/3541–65 दिनांक: 16/04/18

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. प्राचार्य एवं निरस्त परीक्षा केन्द्राधीक्षक, कौशल्या देवी महिला महाविद्यालय, बसवा (दौसा) को प्रेषित कर लेख है कि आपको आवंटित परीक्षार्थियों से संबंधित प्राप्त परीक्षा सामग्री को परिवर्तित परीक्षा केन्द्र पर सुरक्षित पहुंचाने का श्रम करें एवं संबंधित परीक्षार्थियों को भी अपने स्तर पर तदनुसार सूचित करने का श्रम करें।
2. प्राचार्य एवं केन्द्राधीक्षक, सैनी आदर्श कॉलेज, बांदीकुई (दौसा) को प्रेषित कर लेख है कि उक्त परीक्षा केन्द्र से परीक्षा संबंधी सामग्री प्राप्त कर परीक्षाऐं सुचारू रूप से आयोजित करवाना सुनिश्चित करें एवं संबंधित परीक्षार्थियों को भी तदनुसार सूचित करने का श्रम करें। परीक्षार्थियों के पूर्व में जारी प्रवेश पत्रों को मान्य करें।
3. प्राचार्य, बाल हंस महिला महाविद्यालय, बिवाई, दौसा एवं जय दांत माता महाविद्यालय, गुढ़ाकटला, बसवा, दौसा को प्रेषित कर लेख है कि आपके महाविद्यालय के परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र परिवर्तन के संबंध में अपने स्तर पर सूचित करने का श्रम करें।
4. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, लेखा एवं वित्त शाखा, राज. वि. वि., जयपुर।
5. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राज. वि. वि. जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने का श्रम करें।
6. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को दौसा जिले में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (दैनिक–भास्कर एवं राजस्थान पत्रिका) में एक बार प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
7. उप कुलसचिव, संचालन शाखा/गोपनीय शाखा/सैलर/विविध, राज. वि. वि., जयपुर।
8. निजी सचिव– कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, राज. वि. वि., जयपुर।
9. सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी, संचालन शाखा/गोपनीय शाखा/विविध शाखा एवं सैलर–प्रथम/द्वितीय, राज. वि. वि., जयपुर।
10. सहायक कुलसचिव, शैक्षणिक–द्वितीय, राज. वि. वि., जयपुर।
11. संबंधित फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्तानुसार परिवर्तित सूची के अनुसार क्यू.पी. स्टेटमेन्ट कार्यालय को शीघ्र प्रेषित करने का श्रम करें तथा संबंधित परीक्षा केन्द्रों के मेल पर एन.आर./सीटिंग प्लान/रोल लिस्ट आदि भिजवाने का श्रम करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा विविध)